खबर संक्षेप



हाईवे में ट्रक-स्कॉर्पियो की भिड़ंत में 5 घायल

कटनी। नेशनल हाईवे-43 पर रविवार को बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत जगतपुर-उमरिया बाईपास के समीप एक तेज रफ्तार ट्रक और स्कॉर्पियो की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में स्कॉर्पियो सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, छत्तीसगढ़ निवासी घायलों की स्कॉर्पियो कार शहडोल से कटनी की ओर आ रही थी। इसी दौरान नेशनल हाईवे पर एक मवेशी को बचाने के प्रयास में चालक का वाहन से नियंत्रण छूट गया, जिससे कार और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में घायल हुए सभी लोग छत्तीसगढ़ के रहने वाले बताए जा रहे हैं जिनमें स्वातिक चौरसिया, बबलू प्रजापति, विनीता चौरसिया, हर्षित चौरसिया, रवीश ठाकुर शामिल है। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम, स्थानीय पुलिस और राहगीरों की मदद से सभी घायलों को तुरंत बड़वारा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें कटनी जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। घटनास्थल पर पहुंची बड़वारा थाना पुलिस ने मार्ग से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले में वैधानिक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

बिजली उपभोक्ताओं के बैंक खाता नंबर करें सीज



स्लीमनाबाद। ऊर्जा विभाग कार्यपालन अभियंता शैलजा सिंह चौहान द्वारा रविवार को बचैया वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम कुआँ में वसुली /डिशकनेक्शन टीमों बकाया राशि सूची का निरीक्षण किया एवं विद्युत वितरण केंद्र बचैया कार्यालय का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता ने एक लाख रूपये से अधिक राशि के विद्युत बिल बकायादारों के सूची का निरीक्षण किया साथ ही विद्युत अमले को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं पर नियम अनुसार डीआरए की कार्यवाही करने के निर्देश दिये ओर कार्यवाही कर उनका रिकॉर्ड संधारित करना सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कार्यपालन अभियंता ने रजिस्टर का अवलोकन किया। उन्होंने विद्युत अमले को सख्त निर्देश दिए कि बड़े बकाएदारों उपभोक्ताओं के खाता नंबर सीज करें । साथ ही जिन उपभोक्ताओं के खाता नंबर सीज किए गए उनका रजिस्टर में दर्ज करने हेतु निर्देशित किया !तीन माह से अधिक बकायादार उपभोक्ताओं पर नियम अनुसार कार्यवाही करते हुए वसूली सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया। बिगड़े बिलों को चिन्हित कर सुधार करना , कार्यालयीन रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से संधारित करना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।केस डिमांड शत प्रतिशत लाना सुनिश्चित करें !इस दौरान सहायक अभियंता दिलदार डाबर सहित कनिष्ठ अभियंता व विद्युत अमले की उपस्थिति रही।

धरे गये 13 जुआरी

कटनी। माधवनगर पुलिस ने जुआ खेल रहे 13 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से 12,500 रुपये नगद बरामद किए हैं। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम टेढ़ी स्थित ढाबा के सामने पेड़ के नीचे कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने 17 अक्टूबर 2026 को रात करीब 21:30 बजे बताए गए स्थान पर दबिश दी। कार्रवाई मौके पर पुलिस ने जुआ खेल रहे कुल 13 व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकड़ा।

नवरात्र पर्व पर जगत जननी की भक्ति में लीन नजर आ रहा समूचा जिला, रंगीन विद्युत लाइट से जगमग शहर

नवरात्र में आस्था का मेला, माताराणी के दर्शन करने उमड़ा रेला











हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नवरात्र पर्व पर आदि शक्ति की भक्ति का उत्साह चरम पर पहुंच गया है। मंदिरों, दिवालो, मढ़िया में भजन कीर्तन, भगतें सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। रविवार को नवरात्र की महाअष्टमी पर जगह जगह कन्याभोज का आयोजन हुआ। देवी मंदिरों में माता को अठवाई का भोग अर्पित किया गया। शहर सहित ग्रामीण अंचल आकर्षक रंगीन विद्युत रोशनी से जगमग नजर आ रहा है। सुसज्जित पंडालों में माताराणी के विविध रूपों वाली प्रतिमाओं के दर्शन करने के लिये लोगों की खासी भीड़ उमड़ी। देर रात तक चहल पहल बनी रही।

नवरात्र पर गली-मोहल्लों से लेकर प्रमुख चौराहों और बाजारों तक आकर्षक सजावट, रंग-बिरंगी रोशनी और भव्य पंडालों ने नवरात्र की रौनक को कई गुना बढ़ा दिया है। शहर के जिस मार्ग से भी गुजरिए, वहां मां जगदंबा की आराधना, भक्ति गीतों और जयकारों की गूंज सुनाई दे रही है। सप्तमी से लेकर अष्टमी एवं महानवमी पर शहर में उमड़ने वाली भीड़ को देखते हुये पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पहले से ही तैयारियां दुरूस्त की गई है। तिराहों, चौराहों सहित मुख्य मार्गों में जगह जगह भारी पुलिस बल सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिये मुस्तैद नजर आ रहा है।

शारदेय नवरात्र के अवसर पर शहर के प्रमुख चौराहों, बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर आकर्षक पंडाल बनाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। विभिन्न समितियों द्वारा अपनी-अपनी परंपरा, श्रद्धा और सामर्थ्य के अनुसार माता रानी के दरबार को भव्य स्वरूप दिया गया है। कहीं आकर्षक विद्युत सजावट लोगों का ध्यान खींच रही है, तो कहीं पंडालों की कलात्मक संरचना और मां दुर्गा की मनमोहक प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शहर के सुभाष चौक, झंडा बाजार, सराफा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक, गांधी स्कूल, गाटर घाट, केसीएस स्कूल, पुराना कन्या महाविद्यालय, पुराना बस स्टैंड, कचहरी चौराहा, द्वारका भवन, सिंधु भवन, सब्जी मंडी, हीरागंज, गर्ग चौराहा, घंटाघर, जालपा मंदिर, जगन्नाथ चौक, बस स्टैंड और गल्ला मंडी सहित अनेक स्थानों पर मां दुर्गा की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। इन स्थानों पर नवरात्र के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही लगातार बनी हुई है। प्रतिमाओं के दर्शन के लिए शाम होते ही लोगों की भीड़ बढ़ने लगती है। परिवार सहित पहुंच रहे श्रद्धालु मां दुर्गा के दर्शन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना कर रहे हैं। आकर्षक पंडालों और रोशनी से जगमगाते चौराहों के कारण शहर का वातावरण पूरी तरह उत्सवी हो गया है। नवरात्र का उत्साह उपनगरीय क्षेत्रों से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी नजर आ रहा है। माधवनगर, एनकेजे, आयुध निर्माणी और लखेरा सहित विभिन्न क्षेत्रों में भी मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। स्थानीय समितियों और श्रद्धालुओं द्वारा धार्मिक आयोजनों की तैयारियां की गई हैं। पंडालों में दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों की सुविधा का भी ध्यान रखा जा रहा है। नवरात्र के दौरान धार्मिक आयोजनों का सिलसिला चल रहा है। दुर्गा उत्सव समितियों द्वारा देवी जागरण, गरबा उत्सव, भजन संध्या और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन आयोजनों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु भाग ले रहे हैं। मां दुर्गा के भजनों और भक्ति संगीत से वातावरण भक्तिमय हो गया है।







कलेक्टर और एसपी ने किया दुर्गा प्रतिमा विसर्जन मार्गों का निरीक्षण, अतिक्रमण हटाकर व्यवस्थाएं दुरूस्त करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



दुर्गा प्रतिमा विसर्जन चल समारोह को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी, पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा और निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने रविवार शाम शहर के प्रमुख मार्गों का पैदल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने 20 अक्टूबर को होने वाले विसर्जन समारोह की तैयारियों का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टेशन रोड स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर से सुभाष चौक, झंडा बाजार, सुक्खन चौक, लक्ष्मी नारायण मंदिर, शेर चौक और आजाद चौक होते हुए गाटर घाट विसर्जन कुंड तक पहुंच मार्ग का निरीक्षण किया गया।

कलेक्टर श्री तिवारी ने गाटर घाट के प्रवेश स्थल पर दो अलग-अलग विसर्जन कुंडों की व्यवस्था करने तथा घाट के समीप अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने नदी के किनारे एक अतिरिक्त विसर्जन कुंड तैयार कराने और गाटर घाट पहुंच मार्ग पर स्पीड ब्रेकर व्यवस्थित करने को भी कहा। साथ ही झंडा बाजार मार्ग के विभिन्न स्थलों को सुव्यवस्थित करने के निर्देश दिए, ताकि चल समारोह के दौरान आवागमन और विसर्जन व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा, एएसपी कमल मौर्य, एसडीएम जितेन्द्र पटेल, डीई शहर मुकेश महोबे आदि मौजूद रहे।

हनुमान के पूंछ में लगी आग, जल गई सोने की लंका

स्लीमनाबाद। जगदीश धाम खिरहनी में रामलीला समिति के द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है।रविवार को रामलीला मंचन में लंका दहन का मंचन किया गया।रामभक्त हनुमान माता सीता की खोज करते हुए लंका पहुँचते है।वहां सीता के पास जाकर मुद्रिका फेंकते है।जिसे देखकर सीता अचरज में पड़ गई कि आखिर यह मुद्रिका यहां कैसे आई।तभी हनुमान माता सीता के समक्ष आये ओर अपना परिचय दिया था सीता ने हनुमान से ने प्रभु के हाल जाने। इसके बाद हनुमान सीता से भूख लगने की बात कहते हुए बगीचों में लगे फल खाने की अनुमति मांगते हैं। आदेश पाते ही बाग में पहुंचकर फल खाने के साथ ही पूरा बाग उजाड़ देते हैं। इसे देखकर गुस्से में रावण के सैनिकों ने युद्ध किया और रावण के बेटे अक्षय कुमार का वध कर दिया। इसे देख कर मेघनाद क्रोधित हो गया और हनुमान जी पर ब्रह्म पास का प्रयोग कर दिया।इसमें हनुमान जी खुदको बंधकर रावण के दरबार पहुंचते हैं। वहां रावण के भाई विभीषण ने कहा, बंदरों की सबसे प्रिय वस्तु उसकी पूंछ होती है, क्यों न इसकी पूंछ में आग लगा दी जाए। रावण क्रोधित होकर हनुमान जी की पूछ में आग लगाने का आदेश देता है। जैसे ही हनुमान जी की पूंछ में आग लगी, उन्होंने रावण के घमंड और अहंकार की प्रतीक सोने की लंका को जलाकर राख कर दिया। लंका दहन के साथ भव्य आतिशबाजी की गई। लंका दहन की रामलीला देखने हजारों की संख्या मे लोग पहुँचे।शनिवार को रामलीला मंचन मे सीता हरण, श्रीराम -सुग्रीव मित्रता का मंचन किया गया।



पराईकाँप में अवैध मुरूम उत्खनन में लगी पोकलेन मशीन हुई जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन और खनिजों के अवैध भंडारण पर अंकुश लगाने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम ने तहसील बड़वारा के ग्राम पराईकाँप में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध मुरूम उत्खनन का मामला पकड़ा है। निरीक्षण के दौरान मौके पर मुरूम के अवैध उत्खनन से बना बड़ा गड्ढा मिला। स्थल पर उत्खनन कार्य में प्रयुक्त जेसीबी कंपनी की एक्सकेवेटर (पोकलेन) मशीन खड़ी पाई गई। मौके पर कोई चालक अथवा अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। इस पर खनिज विभाग की टीम ने मशीन को लावारिस अवस्था में जब्त कर लिया।

जब्त मशीन को सुरक्षा की दृष्टि से समीप स्थित रेमंड प्लांट परिसर में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। मामले में मध्यप्रदेश गौण खनिज नियमों तथा खान एवं खनिज (विकास और विनियमन) अधिनियम के प्रावधानों के तहत प्रकरण दर्ज कर आगे की वैधानिक एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में उप संचालक खनिज रत्नेश दीक्षित, सहायक खनिज अधिकारी पवन कुशवाहा एवं कमलकांत परस्ते आदि शामिल रहे।

महा अष्टमी पर देवी मन्दिरो में उमड़ी भक्तो की भीड़

माताराणी को अर्पित की गई अठवाई, पूजा कर सुख समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



रविवार को नवरात्र की अष्टमी तिथि पर देवी मन्दिरो में भारी भीड़ पूजा अर्चना व दर्शनार्थ के लिए पहुँची। अष्टमी तिथि पर महागौरी की पूजा अर्चना करने भोर होते ही देवी-देवालयों में भक्तो का सैलाब उमड़ा। माताराणी को जल अर्पित कर, अठवाई चढ़ाई व पूजा अर्चना कर परिवार की खुशहाली के लिए सुख समृद्धि की कामना की गई।देवी मन्दिरो में सुबह से लेकर शाम तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। भक्तो के द्वारा देवी भगत, संकीर्तन पाठ,भजन मंडलियों के द्वारा रामायण पाठ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम किये गए।

अष्टमी तिथि पर लोगो के द्वारा अपनी मन्नतों को लेकर व मन्नत पूरी होने पर ढोल-नगाड़ों की धुन के साथ देवी भगत गायन के बीच दंड यात्रा भरी गई।वही सोमवार को नवमी तिथि पर देवी मन्दिरो मैं बोए गए ज्वारो को विसर्जित किया जाएगा।जिसके लिए ज्वारा जुलूस निकलेंगे।जिसमे भक्तो के द्वारा विविध प्रकार की कलाकृतियां पेश की जाएगी।

अष्टमी तिथि पर स्लीमनाबाद के सिंहवाहिनी मन्दिर, चंडी माता मंदिर,शारदा मंदिर ,बड़ी माई मंदिर व बहोरीबंद के प्रसिद्ध तिंगवा स्थित शारदा मंदिर,पहरुआ स्थित टिंशन माता मंदिर व खडरा स्थित शारदा मंदिर मे दिनभर पूजा अर्चना का दौर चला।वही देवी मन्दिरो के साथ घरो में शारदेय नवरात्र पर विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन हो रहा है।मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटिंग से सजाया गया।महाआरती कर की गई विश्व कल्याण की कामना-स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर में रविवार को महाआरती का आयोजन किया गया।जहां महाआरती कर विश्व कल्याण की कामना की गई।

इस दौरान कथावाचक पंडित दिलीप पौराणिक, जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी, ब्रजेश दुबे, जयदीप त्रिपाठी, गणेश त्रिपाठी, अनुराग मिश्रा,आदित्य दुबे, सविनय तिवारी, राकेश साहू, रामनारायण यादव, संजय यादव, शेखर यादव, गिरानी यादव सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

शाला पूर्व शिक्षा में कमजोर प्रगति पर विजयराघवगढ़ और ढीमरखेड़ा के परियोजना अधिकारियों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिला पोषण समिति की बैठक में पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य, आंगनवाड़ी में उपस्थिति और शाला पूर्व शिक्षा के निर्धारित लक्ष्यों में अपेक्षित प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कार्यों की नियमित निगरानी और विभागीय समन्वय के साथ निर्धारित दायित्वों का समयबद्ध निर्वहन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

कलेक्टर ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने तथा 3 से 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। शाला पूर्व शिक्षा में अपेक्षित प्रगति नहीं होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त की और विजयराघवगढ़ तथा ढीमरखेड़ा के परियोजना अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंगनवाड़ी आने वाले प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शाला पूर्व शिक्षा उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने सभी पात्र महिलाओं एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और नियमित टेक होम राशन (टीएचआर) वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वीएचएसएनडी दिवस के सत्रों के आयोजन स्थल माताओं और बच्चों की आवश्यकताओं के अनुरूप निर्धारित करने को कहा। सैम एवं मैम श्रेणी के बच्चों का सही चिन्हांकन, पोषण ट्रैकर पर पंजीयन, निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार भूख की जांच, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता, एनआरसी में रेफरल और नियमित फॉलोअप सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने बच्चों में दिव्यांगता की शीघ्र पहचान कर स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से रेफरल तथा सामाजिक न्याय विभाग के जरिए विशेष किट एवं आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराने को कहा। मातृ स्वास्थ्य संकेतकों में सुधार के लिए महिला एवं बाल विकास तथा स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले के बीच प्रभावी समन्वय और संयुक्त क्षेत्र भ्रमण जारी रखने के निर्देश दिए।

खबर संक्षेप

सोयाबीन फसल के पंजीयन की अवधि 24 अक्टूबर तक बढ़ी

कटनी। खरीफ वर्ष 2026 (विपणन वर्ष 2026-27) में प्राइस डिफिसिट पेमेंट स्कीम (भावांतर योजना) के अंतर्गत ई-उपार्जन पोर्टल पर सोयाबीन फसल के पंजीयन की अवधि बढ़ाकर अब 24 अक्टूबर 2026 तक कर दी गई है। शासन के किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग, मंत्रालय भोपाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार सोयाबीन पंजीयन की अवधि पहले 3 अक्टूबर से 17 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई थी। अब संचालनालय किसान कल्याण तथा कृषि विकास के 16 अक्टूबर 2026 को जारी पत्र के माध्यम से पंजीयन की अंतिम तिथि 24 अक्टूबर 2026 तक बढ़ा दी गई है। जिले के समस्त सोयाबीन उत्पादक किसानों से अपील की गई है कि वे बढ़ाई गई अवधि का लाभ लेते हुए अपनी सोयाबीन फसल का पंजीयन 24 अक्टूबर 2026 तक अनिवार्य रूप से कराएं, ताकि भावांतर योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रावधानों के अनुसार लाभ प्राप्त करने की प्रक्रिया में शामिल हो सकें।

देवी जागरण में भजनों की धूम, आकर्षक झांकियों ने मोहा मन

उमरियापान। शारदेय नवरात्र के अवसर पर उमरियापान में धार्मिक आयोजनों की श्रृंखला जारी है। इसी क्रम में बीती रात न्यू बस स्टैंड में दुर्गा उत्सव समिति के तत्वावधान में देवी जागरण का आयोजन किया गया। यहां स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा के समक्ष श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से माता रानी के जयकारे लगाए। म्युजिकल ग्रुप के गायकों ने देवी गीतों और भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया।देवी जागरण के दौरान आकर्षक झांकियां भी सजाई गईं। भगवान शिव-पार्वती, राधा-कृष्ण और माता काली के स्वरूप में सजे कलाकारों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। गीत-संगीत और नृत्य की प्रस्तुतियों पर देर रात तक श्रद्धालु तालियां बजाते रहे। देवी गीतों के साथ भजनों का सिलसिला रातभर चलता रहा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और भक्तिमय माहौल में माता रानी की आराधना की।

परंपरिक परिधानों में बिखेरा गरबा का जलवा



बरही। तहसील अंतर्गत खितौली के आजाद चौक में शारदीय नवरात्र के पावन पर्व पर दुर्गा पंडाल के सामने दुर्गा समिति द्वारा महिलाओं का गरबा आयोजित किया गया सर्व प्रथम मां दुर्गा महारानी की पूजा अर्चना कर गरबा प्रारंभ किया गया महिलाओं व बच्चियों के द्वारा रंग बिरंगी पारंपरिक पोशकों गरबा की मनमोहक प्रस्तुतियों और माता रानी की भक्ति से सजे इस आयोजन में प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उमंग के साथ गरबा कर उत्साह को यादगार बना दिया अतिथियों व दुर्गा समिति के लोगों ने की खूब सराहना वॉलिंटियरों ने संभाली व्यवस्था मंच संचालन कर रहे भाजपा नेता रामलाल गुप्ता मुकेश विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप में नायब तहसीलदार पुलिस चौकी प्रभारी वन परिक्षेत्र अधिकारी रहें साथ में वरिष्ठ गणमान्य जन अंबिका दुबे ओमकार गर्ग दुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष अरविंद दुबे मंजू सत्य प्रकाश तिवारी शिवम गुप्ता रामहित गुप्ता रोहित गर्ग जितेन्द्र सिंह श्यामहित गुप्ता रवि गुप्ता अंतु गुप्ता मौजूद रहे।

विस्फोटक सामग्री की चपेट में आने से बालक घायल

कटनी। बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत भादवर गांव में खदान के पास खेल रहा 6 साल का एक मासूम अचानक किसी विस्फोटक सामग्री की चपेट में आ गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भादवर निवासी दीपक सिंह 6 वर्ष गांव में ही एक खदान के पास मौजूद था। इसी दौरान वह वहां किसी विस्फोटक सामग्री की चपेट में आ गया। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है।

स्लीमनाबाद एवं बरही क्षेत्र में जगह जगह पंडालों में स्थापित आदिशक्ति के विभिन्न रूपों वाली प्रतिमाएं



नगर महारानी शिवशक्ति समिति स्लीमनाबाद।



नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति आजाद चौक स्लीमनाबाद।



नव दुर्गा उत्सव समिति मेनरोड स्लीमनाबाद।



संगम नगर दुर्गा उत्सव समिति स्लीमनाबाद।



नगर सेठानी दुर्गा उत्सव समिति स्लीमनाबाद तिराहा।



मां काली विराजमान माधव कालोनी सोनी मोहल्ला बरही।



चौक बाजार बरही की महारानी विराजमान।



अशोक चौक खितौली में बिराजमान सिंहवाहिनी मां दुर्गा।



खितौली राधाकृष्ण मंदिर के सामने विराजमान मां दुर्गा।



गिलौची तिराहा बम्हौरी में विराजी मां दुर्गा महारानी।

विलायतखुर्द में अवैध उत्खनन से ग्रामीणों में बढ़ा रोष, अब आंदोलन करने बन रहे हालात

रेत के अवैध उत्खनन में माफिया राज जिम्मेदार देखकर भी कर रहे अनदेखी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



रेत के अवैध उत्खनन एवं ओवरलोड परिवहन के मामले में माफिया अधिकारियों पर हावी नजर आ रहा है। रसूक के दम पर, सफेदपोशों के संरक्षण में अवैध उत्खननकर्ता किसी को नहीं भज रहे। नियम कायदा को तो अपने ठेंगे पर रख रहे हैं। सांठगांठ तो कहीं नेताओं के दवाब में जिम्मेदार विभागीय अधिकारी भी मौन साधे हैं या फिर अनदेखी करना ही ठीक समझ रहे हैं।

विलायत खुर्द में महानदी का सीना चीरकर रेत का उत्खनन परिवहन किया जा रहा है। जीवन दायिनी महानदी के स्वयं के अस्तित्व पर संकट उतपन्न कर दिया गया है। अवैध रूप से किये जाने वाले रेत का उत्खनन परिवहन करने वालों के ऊपर प्रशासन द्वारा कार्रवाई नही किये जाने से स्थानीय ग्रामीणों में शासन प्रशासन के प्रति काफी नाराजगी है।

रेत का अवैध उत्खनन परिवहन किये जाने का ग्राम वासियों द्वारा विरोध किये जाने पर रेत माफियाओं द्वारा ग्रामीणों को ही धमकाने का प्रयास किया गया।

बड़वारा तहसील अंतर्गत महानदी विलायत खुर्द,भुड़सा ग्राम में नदी से रेत का उत्खनन परिवहन किसके सरपरस्ती किया जा रहा है इस पर सवालिया निशान लग रहे हैं इसके बावजूद खनिज विभाग व राजस्व विभाग के अधिकारियों की चुप्पी पर ग्राम वासियों व क्षेत्रवासियों में गहरा असंतोष व्याप्त हो रहा है।

अवैध उत्खनन से नदी का प्राकृतिक स्वरूप तहस नहस

महानदी से रेत निकासी कर माफिया मालामाल हो रहे हैं अधिकारियों ने मौन साध रखा है नदी की जल धारा बदल दी गई है जिससे नदी का प्राकृतिक स्वरूप ही बदल गया है। ग्रामीणों ने कहा कि जब एक वर्ष से रेत का ठेका बंद है तो किस नियम और किसके सांठ गांठ से रेत का उत्खनन परिवहन किया जा रहा है। ग्राम वासियों ने आक्रोशित होते हुए कहा किअवैध रेत उत्खनन करने वालों के ऊपर रोक नही लगवाई गई और रेत माफियाओं पर कार्रवाई नही की जाएगी तो आगामी दिनों में ब्रह्द रूप से लामबंद होकर आंदोलन किया जाएगा जिसकी जबाबदेही प्रशासन की होगी।

रंगमंच के सामने रेत गिट्टी के भंडारण से हो रही परेशानी



लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में शासकीय स्कूल के समीप बने रंगमंच के सामने रेत-गिट्टी के भंडारण और बिक्री का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों द्वारा निगम प्रशासन एवं अधिकारियों का इस समस्या की ओर ध्यान आकर्षित किया गया है। रहवासियों का कहना है कि रंगमंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होते हैं, वर्तमान में वहां श्रीराम कथा चल रही है। बस्ती में जवारे भी बोए गए हैं, जिन्हें विसर्जन के समय कुछ देर के लिए शाम के समय इसी मंच पर रखा जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि रंगमंच के आसपास लंबे समय से रेत-गिट्टी का भंडारण और बिक्री किए जाने से परेशानी हो रही है। रेत-गिट्टी उतारने और संभालने के दौरान उड़ने वाली धूल स्कूल परिसर तक पहुंचती है, जिससे विद्यार्थियों, शिक्षकों और आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। रंगमंच किसी भी बस्ती की सांस्कृतिक और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र होता है। यहां धार्मिक आयोजनों, रामकथा और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। रहवासियों ने नगर निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस समस्या की ओर आकर्षित करते हुए मांग की है कि मौके का निरीक्षण कराया जाए। रंगमंच की भूमि के उपयोग, रेत-गिट्टी के भंडारण और बिक्री की अनुमति तथा धूल से बचाव के इंतजामों की जांच की जाए। यदि नियमों का उल्लंघन पाया जाता है, तो नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

1121 मीटर लंबी निकाली गई चुनरी यात्रा, माँ शारदा को की गईं अर्पित

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शारदेय नवरात्रि पर्व के अवसर पर शनिवार को शिव भक्तों ने शिवशक्ति के नाम पर एक भव्य और ऐतिहासिक चुनरी यात्रा निकाली। रुपनाथ मंदिर से शुरू होकर तिगवा मंदिर तक निकाली गई यह यात्रा 1121 मीटर लंबी विशाल चुनरी यात्रा थी जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान पूरा मार्ग भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालु ढोल, नगाड़े और अन्य पारंपरिक बाजे-गाजे के साथ जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े।

"जय शिव शक्ति", "हर हर महादेव" और माता के जयघोष से पूरा इलाका गूंज उठा। पुरुष, महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग सभी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कई भक्तों ने सिर पर चुनरी का एक हिस्सा रखकर यात्रा में भाग लिया, जबकि कुछ लोग पारंपरिक वेशभूषा में नाच-गाने के साथ आगे बढ़ रहे थे।यात्रा का समापन तिगवा मंदिर में हुआ। वहां पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई और विशाल चुनरी माँ शारदा को समर्पित की गई। भक्तों ने माता के चरणों में चुनरी चढ़ाकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति और भक्तों की मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। मंदिर परिसर में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए बहोरीबंद थाना प्रभारी सुदेश सुमन यात्रा में मौजूद रहे।

उमरियापान के न्यू बस स्टैण्ड में किया जा रहा रामलीला का मंचन

देवी जागरण में झूमे श्रद्धालु, रामलीला मंचन में सूर्पनखा की काटी गई नाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



नगर में चल रहे धार्मिक आयोजनों के बीच न्यू बस स्टैंड पर आयोजित भव्य देवी जागरण, कटरा बाजार की रामलीला और झंडा चौक पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई जा रही रामायण ने श्रद्धालुओं को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। तीनों स्थानों पर धर्म और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। देवी गीतों की गूंज, रामलीला के सजीव प्रसंग और रामायण के दृश्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया।देवी जागरण में देर रात तक झूमे श्रद्धालुन्यू बस स्टैंड पर आयोजित देवी जागरण में माताओं-बहनों, युवाओं और बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ी। श्रद्धालु जहां जगह मिली, वहीं बैठकर माता रानी के भजनों का आनंद लेते नजर आए।

आर्केस्ट्रा ने बांधा समां

आर्केस्ट्रा संचालक सोलू पटेल और उनकी टीम ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। राधा-कृष्ण और माता रानी की जीवंत झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं, जिन्हें देखकर भक्त भावविभोर हो उठे।रामलीला में सूर्पनखा की नाक कटने और खर-दूषण वध का मंचनकटरा बाजार में आयोजित रामलीला में कलाकारों ने सूर्पनखा की नाक कटने, खर-दूषण वध और माता सीता के हरण जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का सजीव मंचन किया।

प्रोजेक्टर से दिखाई रामायण

पात्रों के अभिनय के माध्यम से रामायण की कथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। मंचन देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुटी रही और धार्मिक प्रसंगों ने लोगों को मर्यादा, धर्म तथा सत्य के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।झंडा चौक पर प्रोजेक्टर से रामायण, सीता की खोज में निकले हनुमानझंडा चौक पर प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई जा रही रामायण भी लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इसमें भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े प्रसंगों का प्रसारण किया जा रहा है। इसी क्रम में हनुमान जी के माता सीता की खोज में निकलने का प्रसंग दिखाया गया, जिसे दर्शकों ने उत्सुकता से देखा। नगर में धार्मिक आयोजनों के चलते वातावरण भक्तिमय बना हुआ है और श्रद्धालु पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रमों में सहभागिता कर रहे हैं।

241 विद्यार्थियों को मिला करियर मार्गदर्शन

तकनीकी शिक्षा और रोजगार के अवसरों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला रोजगार कार्यालय, कटनी द्वारा विकासखंड विजयराघवगढ़ के दो शासकीय विद्यालयों शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरैया तथा सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारीतलाई में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में 241 विद्यार्थियों को करियर संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

छात्र छात्राएं रहीं शामिल

प्रभारी जिला रोजगार अधिकारी श्रीमती सुषमा विश्वकर्मा ने बताया कि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरैया में 144 विद्यार्थियों तथा सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कारीतलाई में 97 विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें कुल 121 छात्र एवं 120 छात्राएं शामिल रहीं।

लक्ष्य निर्धारित करें

काउंसलिंग के दौरान विषय विशेषज्ञों एवं मनोवैज्ञानिकों ने विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास, आईटीआई में उपलब्ध प्रशिक्षण, अप्रेंटिसशिप, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों तथा विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में जानकारी दी। विद्यार्थियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं और शासकीय छात्रवृत्ति योजनाओं से भी अवगत कराया गया। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को मानसिक एकाग्रता बढ़ाने, ध्यान एवं योग के महत्व तथा पढ़ाई के दौरान मन को केंद्रित रखने के उपयोगी तरीके बताए। साथ ही अपनी रुचि, योग्यता एवं क्षमता के अनुरूप करियर का चयन करने और भविष्य के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित किया।

सक्षम बनाना है उद्देश्य

करियर काउंसलिंग एवं जॉब फेयर प्रभारी अनिल तिवारी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में निरंतर करियर काउंसलिंग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनका उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा, कौशल प्रशिक्षण, प्रतियोगी परीक्षाओं एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी देकर भविष्य के लिए उचित निर्णय लेने में सक्षम बनाना है।

मातारानी के दरबार मे उमड़ रही भक्तों की भीड़, भोर से लेकर देर रात तक हो रहें कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



शक्ति की उपासना का पर्व शारदेय नवरात्र की स्लीमनाबाद तहसील क्षेत्र मे धूम मची हुई है।देवी मन्दिरो से लेकर पंडालों तक भक्तिमय धार्मिक वातावरण बना हुआ है।प्रतिदिन सुबह से माताराानी के दर्शन के लिए भक्त देवी मंदिरों मैं पहुँच रहे है।माताराानी को जल अर्पित कर पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना कर रहे है।वही सार्वजनिक समितियों के माध्यम से पंडालों मैं विराजित देवी प्रतिमाओं की झांकिया लोगो के मन को आकर्षित कर रही है।

देवी प्रतिमाओं की झलक देखने रात्रि के समय भक्तो का सैलाब पंडालों मैं उमड़ रहा है।वही ग्राम पंचायत प्रांगण मैं चल रही रामलीला का मंचन देखने लोगो की भीड़ उमड़ रही है।वही बाल कलाकारों के द्वारा गरबा नृत्य की प्रस्तुतियां दी जा रही है। स्लीमनाबाद स्थित सिंहवाहिनी मंदिर मैं देवी भागवत नवाहयज्ञ चल रहा है! जहाँ देवी कथा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करने भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है!सिंहवाहिनी माता का प्रतिदिन भव्य श्रंगार किया जा रहा है!जिससे माताराानी की प्रतिमा के दर्शन के लिए भक्त पहुंच रहे है।

देवी भजनो की प्रस्तुति

शारदेय नवरात्र के पावन पर्व पर स्लीमनाबाद स्थित नगर सेठानी तिराहा, नगर महारानी, नवयुवा दुर्गा समिति, आजाद चौक, गणेश चौक ओर संगम नगर मै प्रतिदिन सायंकालीन माँ दुर्गा की भव्य आरती हो रही है जिसमें बड़ी संख्या मै भक्तों का सैलाब आरती मै शामिल हो रहा है। साथ ही देवी भजनो की शानदार प्रस्तुतियाँ दी जा रही है जिससे लोग मंत्रमुग्ध हो रहे!साथ ही महिलाओं के द्वारा भी देवी गीतों ओर रामायण के कार्यक्रम किये जा रहें है।

जिले में जगह जगह मां जगतजननी की अद्भुत झांकियां, माताराणी के दर्शनार्थ उमड़ रहे श्रद्धालु


बटियागढ़। नया बाजार परिसर


बटियागढ़। हरिसिद्धी माता मंदिर के पास


बटियागढ़। जनपद पंचायत परिसर


बटियागढ़। बाईपास तिराहा


बटियागढ़। पुलिस थाना परिसर


बटियागढ़। अस्पताल परिसर


बटियागढ़। शिव मंदिर परिसर


बटियागढ़। विंध्यवासिनी नगर परिसर


बटियागढ़। सीताबारी परिसर


बटियागढ़। कृषि उपज मंडी परिसर


बटियागढ़। मंडी परिसर के सामने घनश्यामपुरा


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 11 रेस्ट हाउस के पास

सीएमओ और थाना प्रभारी ने किया घाटों का निरीक्षण

हटा में दो घाटों पर होगा दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन, नगर पालिका ने पूरी की तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

शारदीय नवरात्रि के नौ दिन पूरे होने के बाद शहर में दशहरा उत्सव मनाया जाएगा। मां दुर्गा की प्रतिमाओं के विसर्जन को लेकर नगर पालिका परिषद ने व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। शहर में प्रतिमा विसर्जन के लिए प्रतिवर्षानुसार निर्धारित नाव घाट एवं घुरा घाट पर मूर्तियों का विसर्जन क्रेन मशीन से किया जावेगा। यहां श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए रविवार की शाम सीएमओ राजेंद्र खरे एवं थाना प्रभारी सुधीर बेगी नहीं दोनों घाटों का निरीक्षण कर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। सीएमओ ने स्पष्ट किया है कि मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित स्थलों पर ही किया जाए। नगर पालिका द्वारा नावघाट और घुरा घाट पर प्रतिमा विसर्जन की



व्यवस्था की गई है। इन दोनों स्थानों पर घाटों की तैयार पूर्ण कर ली गई हैं, ताकि प्रतिमाओं का विसर्जन निर्धारित व्यवस्था के अनुसार कराया जा सके। दशहरा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए नगर पालिका ने घाटों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए हाइड्रा की व्यवस्था

नगर पालिका ने बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए दोनों घाटों पर विशेष व्यवस्था की है। यहां हाइड्रा मशीन की मदद से प्रतिमाओं का विसर्जन नगर पालिका एवं बिहार की सेवा समिति के सदस्यों के सहयोग से कराया जाएगा। इससे भारी प्रतिमाओं को विसर्जित करने में सुविधा होगी और व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा घाटों पर विसर्जन के पूर्व भक्तों द्वारा आरती पूजन करने के लिए व्यवस्था बनाई गई है।

कर्मचारियों को सौंपी जिम्मेदारी

प्रतिमा विसर्जन की व्यवस्थाओं को व्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए एसडीएम राकेश मरकाम के निर्देश पर दल गठित किए गए हैं। संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी अपने-अपने निर्धारित स्थलों पर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे और विसर्जन प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराने की जिम्मेदारी संभालेंगे। नगर पालिका का प्रयास है कि प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो। इस दौरान बबलू राय रितेश अग्रवाल धर्मेंद्र साहू कुलदीप पटेल राहुल रैकवार की उपस्थिति रही।

सिंगपुर में पहली बार विराजीं मां महाकाली माताराणी को 51 फुट चुनरी की समर्पित





हरिभूमि न्यूज ⏭ सिंगपुर

ग्राम सिंगपुर के शंकर चौक मोहल्ले में इस वर्ष पहली बार मां महाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई है। मां के विराजमान होने से गांव सहित आसपास के क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल है। इस अवसर पर बीएम मोहल्ला सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति ने 51 फुट लंबी चुनरी यात्रा निकाली। यात्रा बीएम मोहल्ला स्थित मां के दरबार से शुरू होकर मोरिया महाराज वाली मां दुर्गा, चक्रवर्ती मोहल्ला, शंकर चौक स्थित मां महाकाली और छोटी खेर माता सहित विभिन्न देवी-देवताओं के स्थानों तक पहुंची।

पूजन-दर्शन के बाद यात्रा पुनः बीएम मोहल्ला स्थित मां के दरबार पहुंचकर संपन्न हुई। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माहौल भक्तिमय बना दिया। भक्तों ने ग्राम और क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। समिति के अनुसार, नवमी पर शंकर चौक स्थित मन्नत वाली मां महाकाली के दरबार में तथा दशहरा पर बीएम मोहल्ला स्थित मां के दरबार में विशाल देवी जागरण आयोजित किया जाएगा।

क्षेत्रीय विधायक ने माताराणी के दर्शन कर सुख समृद्धि की कामना की

हिंडोरिया। क्षेत्रीय विधायक उमा देवी खटीक ने मुख्य बाजार क्षेत्र की प्रसिद्ध नगर सेठानी जगत जननी माता के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया ।उन्होंने माता से सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की।इस दौरान विधायक ने उपस्थित श्रद्धालुओं से भी भेंट की और क्षेत्र के विकास को लेकर चर्चा की। इसके बाद विधायक नगर के अन्य क्षेत्र में पहुंची जहां पर उन्होंने लोगों से मिल कर उनकी समस्याओं को सुना और उनका शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया। उक्त अवसर पर सांसद प्रतिनिधि जगदीश अग्रवाल विधायक प्रतिनिधि मुन्ना लाल चौरसिया ,एडवोकेट सूरज ताम्रकार ,राम सिंह ठेकेदार, योगेश चौरसिया, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और नगर के अनेक लोग मौजूद रहे।

बिलाई की महारानी मंदिर में अष्टमी पर भव्य कन्या भंडारा



हिंडोरिया। अष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम बिलाई में स्थित बिलाई की महारानी के दरबार में कन्या प्रसाद भंडारे का भव्य आयोजन किया गया। भक्तिमय माहौल में आयोजित इस कार्यक्रम में थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुर्जर और बिलाई चौकी प्रभारी मलखान सिंह ने स्वयं उपस्थित होकर कन्याओं के पैर धोए और उन्हें प्रेमपूर्वक प्रसाद खिलाया। प्रसाद ग्रहण करने के बाद सभी कन्याओं का विधिवत सम्मान किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मी राय, गोलू राय, श्याम सुंदर पटेल,BCD देवेन्द्र पटेल,हेमन्त पटेल, सरपंच प्रतिनिधि दमाराम पटेल, कमल पटेल एवं पुलिस स्टाफ सहित बाजार समिति के सदस्य, समस्त बिलाई ग्रामवासी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

मां जगत जननी को लगा छप्पन भोग

हिंडोरिया। स्थानीय मुख्य बाजार क्षेत्र में विराजमान नगर सेठानी माता जगत जननी मां के दरबार में आस्था और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां आयोजित भव्य महा आरती के बाद भक्तों द्वारा 56 भोग अर्पित किया गया और इसके बाद नगर की छोटी-छोटी बच्चियों को देवी का स्वरूप मानकर पूरे विधि विधान से उनका



पूजन कर उन्हें भेंट प्रदान की गई। तत्पश्चात बच्चियों के द्वारा गरबा, डांडिया नृत्य की प्रस्तुति पेश कर दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। बाद में उपस्थित जन समुदाय और श्रद्धालुओं को महाप्रसाद का वितरण किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान में नगर परिषद के अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह ठाकुर ने माता के दरबार में पहुंचकर मां जगत जननी के चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद प्राप्त किया और नगर की खुशहाली, नागरिकों के उत्तम स्वास्थ्य , सुख समृद्धि ,आपसी भाईचारा और शांति बनी रहने की कामना की। इस भव्य आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों नगर के गणमान्य नागरिकों सहित बड़ी संख्या में महिलाओं और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ह मौजूद थी। वही नगर के विभिन्न वार्डों में विराजमान देवी पंडालों में श्रीराम दरबार उपाध्याय वार्ड, महाराणा प्रताप दुर्गा उत्सव समिति टिकुरिया मोहल्ला ,थाना मोहल्ला की जगदंबा माता,अंबेडकर वार्ड में विराजमान दुर्गा माता, अस्पताल परिसर में विराजमान दुर्गा देवी, मरईमाता दुर्गा उत्सव समिति,खैया मुहल्ला में विराजमान माता रानी,आदि के यहां पर सुबह से शाम तक श्रद्धालुओं की भीड़ लग रही। सभी जगह पर माता रानी की भव्य आरती और विशेष पूजा अर्चना पूर्ण विधि विधान से की जा रही है ।

फुटेरा कला में नवरात्रि की धूम, गरबा की प्रस्तुतियां ने मन मोहा

फुटेरा कला। दमोह जिले के बटियागढ़ विकासखंड के ग्राम फुटेरा कला में नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह से मनाया जा रहा है। देवी पंडाल में आयोजित गरबा कार्यक्रम में बच्चों और महिलाओं ने शानदार प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान घुरक की महारानी की महाआरती में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। भक्ति गीतों और जयकारों से पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति ने जान मोहम्मद खान (जेके) का सम्मान किया। आयोजन में ग्रामीणों की सहभागिता से धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं की सुंदर झलक देखने को मिली।



वॉलीबॉल महिला टीम में टाइम्स महाविद्यालय की चार छात्राओं का चयन

दमोह। टाइम्स महाविद्यालय में आयोजित अंतरमहाविद्यालयीन महिला वॉलीबॉल चयन प्रतियोगिता के फाइनल में यूटीडी सागर की टीम विजेता और टाइम्स महाविद्यालय की टीम उपविजेता रही। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के प्रदर्शन के आधार पर विश्वविद्यालय की टीम का गठन किया गया, जिसमें टाइम्स महाविद्यालय की चार छात्राओं स्नेहा जैन, अनामिका जैन, ईशा राज और खुशी पटेल का चयन हुआ।चयनित छात्राएं आगामी माह गुजरात के वडोदरा में आयोजित अंतरविश्वविद्यालयीन प्रतियोगिता में अपना खेल कौशल दिखाएंगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर महाविद्यालय संचालक और समस्त स्टाफ ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भैंस चोरी का खुलासा, जबलपुर के चार आरोपी गिरफ्तार

तीन विधि-विरुद्ध बालक भी पकड़े गए, दो भैंसों सहित पिकअप और कार जब्त



तेंदूखेड़ा। दमोह जिले के तेंदूखेड़ा थाना पुलिस ने भैंस चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी की दो देशी मुर्रा भैंसें, एक पिकअप और एक स्विफ्ट कार जब्त की है। मामले में तीन विधि-विरुद्ध बालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई है। पुलिस के अनुसार, ग्राम दौनी निवासी चंदन यादव ने 17 अक्टूबर को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात करीब 2:30 बजे उसके खेत से दो भैंसें चोरी हो गईं। इस पर अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत सिंह भदौरिया और एसडीओपी अर्चना अहीर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने जांच के दौरान जबलपुर के हनुमानताल थाना क्षेत्र निवासी मोहम्मद सरफराज (22), अफसर अंसारी (19), तबरेज कुरैशी (21) और इमरान खान (19) को पकड़ा। इनके कब्जे से दो भैंसें, सफेद रंग की इंट्रा पिकअप (एमपी 13 जेडएल 2795) और स्विफ्ट कार (एमपी 20 सीई 3506) जब्त की गईं। पुलिस ने आरोपियों और तीन विधि-विरुद्ध बालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई कर उन्हें न्यायालय में पेश किया। कार्रवाई में तेंदूखेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक सरोज ठाकुर सहित थाना पुलिस, सिंग्रामपुर चौकी पुलिस और साइबर सेल की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



तेजगढ़ अंचल में नवरात्रि की धूम

तेजगढ़। दमोह जिले की जवेरा विधानसभा क्षेत्र के तेजगढ़ सहित पतलोनी, हर्रई, करौंदी, पड़रिया, माड़नखेड़ा, छिरकोना, कोटखमरिया, बराघाट, सुनवाही, उमरिया, पिपरिया, हिनौती, हरदुआ, हाथीघाट, देवरी लीलाधर, दीनारी, कुलुआ और परासई सहित आसपास के गांवों में नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। गांवों में मां काली की प्रतिमाएं स्थापित कर नौ दिनों तक सुबह-शाम पूजा-अर्चना और महाआरती की जा रही है।

पतलोनी में नौ स्वरूपों में विराजीं मां काली, भागवत कथा और नाटक का हो रहा आयोजन

ग्राम पतलोनी में पंचमी से माता चंडी टोरिया परिसर में मां काली के नौ स्वरूपों की प्रतिमाएं विराजमान की जाती हैं। इस परंपरा के चलते दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। पं. वीरेंद्र दुबे, पं. अरुण प्रसाद दुबे सहित अन्य पंडितों के सान्निध्य में मंत्रोच्चार के साथ पूजन किया जा रहा है। शाम को होने वाली भव्य महाआरती में बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल होकर जयकारे लगाते हैं। माता परिसर में प्रतिदिन दोपहर 3 से 5 बजे तक श्रीमद्भागवत महापुराण कथा आयोजित हो रही है। वहीं, रात्रि में ग्राम की प्रसिद्ध राधा-कृष्ण कंपनी के कलाकार चंद्रभान दुबे, राजू प्रसाद दुबे, गुलजार सिंह, चरण सिंह सहित अन्य कलाकार नाटकों का मंचन कर रहे हैं। नवरात्रि के दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना हुआ है।

तेंदूखेड़ा नगर में जगह जगह मां जगतजननी की अद्भुत झांकियां, संध्या आरती में उमड़ रहे श्रद्धालु


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 3 यादव मुहल्ला


तेंदूखेड़ा। सेवा सहकारी बैंक में विराजी मां आदिशक्ति


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 3 साहू धर्मशाला


तेंदूखेड़ा। वार्ड क्रमांक 8 गौशाला के पास


तेंदूखेड़ा! वार्ड क्रमांक 4 छोटी खेरमाई मंदिर के पास

शारदेय नवरात्रि : नवमी आज

मां सिद्धिदात्री ब्रह्मांडीय शक्ति और आध्यात्मिक सिद्धि की प्रतीक

मां सिद्धिदात्री आदिशक्ति का नौवां स्वरूप हैं। वे योग, ज्ञान और मोक्ष की पराकाष्ठा की प्रतीक मानी जाती हैं। सिद्धि का अर्थ केवल चमत्कार या अलौकिक शक्ति नहीं, बल्कि आत्मबोध, संकल्प की शुद्धता और चेतना का परिष्कार भी है। शास्त्रों में अणिमा, महिमा, गरिमा, लघिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व—इन आठ सिद्धियों का उल्लेख मिलता है। मां सिद्धिदात्री इनकी अधिष्ठात्री हैं। उनकी उपासना मनुष्य को अहंकार से मुक्त होकर विवेक, आत्मानुशासन और लोककल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। श्री भगवान वेदांताचार्य के अनुसार, मां सिद्धिदात्री की महिमा को सृष्टि के मूल में सक्रिय योगशक्ति के रूप में भी समझा जा सकता है।


श्री भगवान वेदांताचार्य
महंत, साकेत धाम दमोह

पौराणिक आख्यानों में आदिशक्ति द्वारा ब्रह्मा को सृष्टि-रचना में समर्थ बनाने का वर्णन मिलता है। इसका दार्शनिक संदेश है कि सृजन के लिए ज्ञान, तप, संकल्प और सामर्थ्य का समन्वय आवश्यक है। सिद्धियों का वास्तविक उद्देश्य भोग नहीं, बल्कि सृजनात्मक योगदान और लोकमंगल है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने तप की महिमा बताते हुए लिखा है— तपबल रचइ प्रपंचु बिधाता। तपबल बिष्नु सकल जग त्राता॥ तपबल संभु करहिं संघारा। तपबल सेषु धरइ महिभारा॥ इन पंक्तियों में तप को सृष्टि के सृजन, पालन और संहार की सामर्थ्य का आधार बताया गया है। वहीं भगवान शिव का अर्धनारीश्वर स्वरूप चेतना और क्रियाशीलता अर्थात शिव और शक्ति की अभिन्नता का प्रतीक है। नवरात्रि की नवमी आध्यात्मिक पूर्णता के साथ नवचेतना का संदेश देती है। मां सिद्धिदात्री की उपासना तभी सार्थक है, जब उसमें विचारों की पवित्रता, कर्तव्यनिष्ठा, आत्मसंयम और समर्पण का समावेश हो। सिद्धि का सर्वोच्च स्वरूप आत्मबोध, योग का श्रेष्ठ फल समत्व और ज्ञान की पूर्णता समस्त सृष्टि में एक ही परम तत्त्व का दर्शन है। यही मां सिद्धिदात्री की आराधना का मूल संदेश है, जो मनुष्य को मानवीयता से दिव्यता की ओर अग्रसर करता है।

पुरानी रंजिश में वारदात, एसपी ने मौके पर पहुंचकर ली जानकारी

पथरिया में युवक की संदिग्ध मौत बोलेरो चढ़ाकर हत्या का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



दमोह जिले के पथरिया थाना क्षेत्र में रविवार शाम सेमरा बुजुर्ग गांव के पास 35 वर्षीय परम उर्फ चिक्कू यादव की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने छह लोगों पर धारदार हथियारों से हमला कर बोलेरो चढ़ाने का आरोप लगाया है। सूचना पर एसपी आनंद कलादगी पथरिया पहुंचे और मामले की जानकारी ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

बाइक से लौटते समय हमले का आरोप

मृतक के छोटे भाई अनिल यादव के अनुसार, परिवार सागर जिले के टड़ा गांव से लौट रहा था। परम अपनी पत्नी के साथ बाइक से आगे चल रहे थे, जबकि अनिल पीछे था। सेमरा बुजुर्ग के पास एक कार ने उनकी बाइक को रास्ते में रोक दिया, जिससे परम गिर गए। आरोप है कि इसके बाद उन पर धारदार हथियारों से हमला कर वाहन चढ़ा दिया गया। अनिल के मुताबिक, उसे भी हमलावरों ने निशाना बनाने की कोशिश की, जिसके चलते वह वहां से भाग निकला।

बाद में 108 एंबुलेंस की मदद से परम को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

पुरानी रंजिश की आशंका

अनिल यादव ने पिम्मू यादव, छोटू यादव, नरेंद्र यादव, बाबूलाल यादव, वीरेंद्र यादव और नीरज यादव पर घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। उसका दावा है कि दोनों परिवारों के बीच कई वर्षों से पुरानी रंजिश चली आ रही थी।

एसडीओपी पथरिया प्रिया सिंधी ने बताया कि शुरुआत में सड़क हादसे में युवक के घायल होने की सूचना मिली थी। अस्पताल में मौत की परिस्थितियां संदिग्ध लगने और मृतक की पत्नी द्वारा हमले की जानकारी दिए जाने के बाद मर्ग कायम कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपने की प्रक्रिया की जाएगी।

अष्टमी पर मां चंडी का अलौकिक श्रृंगार कर हुई महाआरती....

मां की एक झलक पाने को भक्त दिखे आतुर घंटों लाइन में खड़े रहने के बाद हुए दर्शन





हटा। शारदीय नवरात्रि की अष्टमी पर नगर के मां चंडी जी मंदिर में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु मां के दरबार में दर्शन करने पहुंचे। दुर्गा अष्टमी पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ मां चंडी के दरबार में देखने को मिली वही संध्याकालीन में मंदिर के पुजारी द्वारा माता चंडी का सोने चांदी के आभूषणों व सुसज्जित पुष्पों से विशेष श्रृंगार किया गया तत्पश्चात संगीतमय महाआरती की गई जिसमें नगर के अलावा समूचे क्षेत्र से भक्तों का जनसैलाब देखने उमड़ पड़ा जहां श्रद्धालुओं ने घंटों लाइन में लगकर हर कोई माता की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दे रहा था। महा आरती के दौरान मां के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा वहीं आरती पश्चात भक्तों द्वारा प्रांगण में जगह-जगह प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों की अपार भीड़को देखते हुए मंदिर कमेटी द्वारा श्रद्धालुओं के लिए व्यवस्थाएं बनाने के इंतजाम किए गए ताकि अव्यवस्था न फैले। मंदिर कमेटी द्वारा नवरात्रि पर माता के मंदिर को विभिन्न प्रकार के फूलों से सजाया गया है एवं मंदिर परिसर क्षेत्र में आकर्षक विद्युत साज सज्जा के साथ जगमगाती रोशनी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है।मंदिर के पुजारी नीरज गोस्वामी ने बताया कि यहां मान्यता है कि जो भक्त चंडी माई के दरबार में सच्चे मन से जो मांगता है माताराती उसे अवश्य ही पूर्ण करती हैं यही कारण है कि हटा में चंडी जी का मंदिर पूरे बुंदेलखंड व प्रदेश में अपनी ख्याति प्राप्त कर रहा है तथा दिन प्रतिदिन भक्तों की आस्था इस मंदिर को लेकर बढ़ रही है।

पंजाबी थीम पर हुआ गरबा उत्सव का समापन



टाईम्स कॉलेज परिसर में आयोजित 5 दिवसीय गरबा महोत्सव के अंतिम दिन की शुरूआत टाईम्स पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 से 9 की छात्राओं के द्वारा नौ दुर्गा के नौ स्वरूप में सजकर गरबा करके की गयी, उसके पश्चात सभी प्रतिभागियों के पंजाबी वेश- भूषा में सजकर किया गया जिसमें सभी ने डोंडियो, लंगड़ी, खम्मा रे खम्मा, ढकला, टिमली, भाई - भाई, सात ताली, मण्डली की धुन पर गरबा किया। अंतिम दिन के आयोजन के कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि भाव सिंह लोधी जी, के द्वारा सभी प्रतिभागियों को शुभकामनायें देते हुए उनके द्वारा प्रस्तुत गरबा आयोजन अनुशासन एक जैसी वेश- भूषा तथा एक लय में गरबा किये जाने पर सराहना की, सीनीयर एडवोकेट विपिन टन्डन जी ने संस्था में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस प्रकार के आयोजन की सराहना करते हुए गरबा पण्डाल की साज-सज्जा की सराहना की तथा प्रतिभागियों को शुभकामनायें प्रस्तुत की अंतिम दिन के आयोजन के पश्चात प्रत्येक दिन के प्रतिभागियों को सुन्दर ड्रेस, बेस्ट मेकअप, बेस्ट ज्वेलरी तथा बेहतर परफॉर्मेंस के लिये पुरूस्कार प्रदाय किये कार्यक्रम में पधारे अतिथि सिद्धार्थ मलैया, देवरी से पधारे बी. के. पी. कॉलेज के चेयरमेन अवनीश मिश्रा, मालथौन से बृज किशोर पटैरिया महाविद्यालय के चेयरमेन डॉ. अशीष पटैरिया, एडवोकेट सचिन गुरू, प्रकाश गौतम, गंगाराम लोधी, गोपाल गुप्ता, सभी को संस्था के प्राचार्य अजय मिश्रा जी के द्वारा शुभकामनायें प्रेषित की। गरबा कार्यक्रम में अंतिम दिन सभी प्रतिभागियों को गरबा समिति तंरगिनी क्लब के द्वारा पुरूस्कार वितरित करते हुए अगले वर्ष नये जोश तथा नयी थीम के साथ गरबा का आयोजन करके माँ दुर्गा की आराधना करने की बात कही।

महाकाली स्वरूप में नजर आए भोलेनाथ

तेंदूखेड़ा । रविवार को नगर के पंचवटी मंदिर में नवरात्रि पर्व के दौरान भगवान भोलेनाथ का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार किया जा रहा है। इसी क्रम में भगवान शिव का महाकाली स्वरूप में विशेष श्रृंगार किया गया, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। मंदिर परिसर में सुबह से ही भक्तों की आवाजाही रही और श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ के इस दिव्य स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। मंदिर में प्रतिदिन अलग-अलग स्वरूपों में भगवान का श्रृंगार किया जा रहा है। महाकाली स्वरूप के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मंदिर परिसर का वातावरण भक्तिमय बना रहा। भगवान का सिंगार श्रीमती प्रज्ञा कटारे द्वारा किया गया।



चार बस्तियों का निकला पथ संचलन

हटा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष एवं विजयादशमी उत्सव के अवसर पर हटा नगर में चार बस्तियों का पथ संचलन निकाला गया। अलग-अलग मार्गों से निकले स्वयंसेवक घोष की धुन पर कदमताल करते हुए राय चौराहे पहुंचे, जहां सभी संचलनों का संगम हुआ। नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले मां कर्मा देवी, श्रीराम मंदिर, श्री गौरीशंकर और महर्षि वाल्मीकि बस्ती में शस्त्र पूजन किया गया। मां कर्मा देवी बस्ती में ओमकार उपाध्याय, श्रीराम मंदिर बस्ती में महेंद्र पटेल एवं दयाराम अहिरवार, श्री गौरीशंकर बस्ती में संजू शर्मा तथा महर्षि वाल्मीकि बस्ती में मुकेश साहू ने उद्बोधन दिया। वक्ताओं ने संघ की स्थापना, समाज में एकता एवं शक्ति संचय, पंच परिवर्तन और राष्ट्र की सुख-शांति व समृद्धि के लिए शक्ति उपासना के महत्व पर विचार रखे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के साथ नगर के नागरिक भी शामिल हुए।



देवी मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़, जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

अष्टमी पर घर-घर हुई कुलदेवी पूजा, मंदिरों में महागौरी को लगाया अन्नकूट भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूखेड़ा



शारदीय नवरात्रि के आठवें दिन रविवार को मां महागौरी की पूजा-अर्चना श्रद्धा और भक्ति के साथ की गई। अष्टमी के अवसर पर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर कुलदेवी की पूजा की गई। परिवारों ने विधि-विधान से कुलदेवी का पूजन कर सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इसके बाद श्रद्धालु नगर के विभिन्न देवी मंदिरों में पहुंचे, जहां माता रानी को अन्नकूट का भोग अर्पित किया गया। मंदिरों में दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही और माता के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पंडित गोपाल शास्त्री ने बताया कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर मां दुर्गा के आठवें स्वरूप मां महागौरी की पूजा की जाती है। मां महागौरी को आठवीं शक्ति माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मां महागौरी के तेज से संपूर्ण विश्व प्रकाशमान है। इनके पूजन से मानसिक शांति, सकारात्मक ऊर्जा और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। मां महागौरी को अन्नपूर्णा एवं ऐश्वर्य प्रदान करने वाली देवी के रूप में भी पूजा जाता है। उन्होंने बताया कि अष्टमी के दिन मां को फल, फूल, नैवेद्य और विशेष रूप से नारियल अर्पित करने का महत्व है। इस दिन कन्या पूजन की भी परंपरा है। श्रद्धालु नौ कन्याओं और एक बालक को भोजन कराकर अपनी सामर्थ्य के अनुसार भेंट प्रदान करते हैं। पौराणिक मान्यता के अनुसार मां पार्वती ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की थी। तपस्या के कारण उनका शरीर धूल-मिट्टी से मलिन हो गया था। भगवान शिव द्वारा गंगाजल से स्नान कराने के बाद उनका स्वरूप अत्यंत गौर और दैदीप्यमान हो गया, जिसके बाद वे महागौरी के नाम से प्रसिद्ध हुईं। अष्टमी पूजन के बाद नगर की बड़ी खेरमाई, पुरानी खेरमाता, महाकाली मंदिर, दुर्गा मंदिर और ज्वाला देवी मंदिर सहित विभिन्न देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर माता को भोग अर्पित किया और दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर परिसरों में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ रही।

पंचामृत से हुआ जगदंबा का महाअभिषेक, गूंजे जयकारे



बनवार। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर ग्राम घटेरा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ खेरमाता मंदिर परिसर में आस्था, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। आदिशक्ति मां दुर्गा के दरबार में आयोजित धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में श्रद्धालुओं ने पूरे विधि-विधान के साथ माता रानी का पंचामृत से महाअभिषेक किया और धूप, दीप, फल व पुष्प अर्पित कर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। मां भगवती के जयकारों और वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा। सुबह से ही दर्शन-पूजन के लिए माता रानी के दरबार में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से पूजन सामग्री अर्पित करते हुए परिवार में खुशहाली, निरोगी काया और जनकल्याण की कामना की।



हिरदेपुर स्कूल में बाल वाटिका, सभा भवन और महिला प्रसाधन का शुभारंभ

हिरदेपुर। नवरात्रि पर्व पर शासकीय हाई स्कूल हिरदेपुर में नवनिर्मित बाल वाटिका, सभा भवन एवं महिला प्रसाधन का शुभारंभ विधायक जयंत मलैया ने किया। जनभागीदारी के तहत श्रीमती ऊषा पाराशर से प्राप्त दानराशि से बाल वाटिका का निर्माण कराया गया। संस्था के प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर ने महज 100 दिनों में विद्यालय का कायाकल्प कर जनभागीदारी की मिसाल पेश की। विधायक मलैया ने उनके नवाचारी प्रयासों की सराहना करते हुए इन्हें अनुकरणीय बताया। उन्होंने विद्यालय में चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा भी की। कार्यक्रम में अंबिका विश्वकर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। मातृशक्ति गरबा महोत्सव के तहत समूह नृत्य आयोजित किया गया तथा प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन टीआर अहिरवार एवं मुकेश पटेल ने किया, जबकि आभार मेनका सोनी ने व्यक्त किया। विद्यालय स्टाफ ने भी संस्था के विकास में सहयोग दिया।

विधायक जयंत मलैया ने की चार अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की घोषणा, प्राचार्य के प्रयासों की सराहना

सोने-चांदी के जेवरात 35 हजार लेकर पत्नी बेटे सहित लापता

पति ने हटा थाने में दर्ज कराई गुमशुदगी 8 साल पहले हुआ था दोनों का प्रेम विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

थाना क्षेत्र के पिपरिया मिश्र गांव निवासी एक महिला अपने बेटे के साथ घर से बाजार करने के लिए निकली थी जो लापता हो गई है जिसकी गुमशुदा पति के द्वारा हटा थाने में दर्ज कराई गई है। मामला दो दिन पुराना है और घटना की जानकारी रविवार शाम सामने आई है। दोनों का प्रेम विवाह हुआ था और उनका एक बेटा भी है। पिपरिया मिसर गांव निवासी गिरवर सिंह लोधी ने बताया कि उसने 2018 में छतरपुर निवासी क्रांति लोधी से प्रेम विवाह किया था। उसके बेटे की उम्र 11 वर्ष है। एफआईआर में दर्ज विवाह के वर्ष और बेटे की उम्र के बीच का अंतर भी ध्यान देने योग्य है। शुक्रवार मेरी पत्नी क्रांति बाजार करने के लिए घर से निकली थी। उसे मैने 2 हजार रुपए नगद भी दिए थे। वह अपने साथ 35 किलो उड़द भी लेकर आई थी। जब वह शाम तक घर नहीं लौटी मेरे घर पहुंचने पर पत्नी और बेटे नहीं मिली तो मैने उनकी खोजबीन शुरू की, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद दमोह स्टेशन आकर भी उन्हें खोजा गया। लेकिन पत्नी और बेटे नहीं मिले। इसके बाद हम घर वापस आए तो घर में रखा एक मंगलसूत्र, सोने की माला, कान की झुमकी, चांदी के दो डोरा और 35 हजार रुपए नगद गायब थे। पति ने आरोप लगाया की पत्नी कजरा गांव निवासी पूजा लोधी से बात करती थी। इसलिए उसे संदेह है कि उसके द्वारा ही पत्नी को गायब किया गया है। इसके बाद उसने हटा थाने पहुंचकर पत्नी और बेटे की गुमशुदगी दर्ज कराई है। हटा थाना में पदस्थ एएसआई अरविंद राय ने बताया की गिरवर लोधी ने पत्नी और बच्चे की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पत्नी हटा में बाजार करने आई थी इसके बाद से वह घर नहीं लौटी। दोनों का प्रेम विवाह हुआ था पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर मामले में जांच शुरू कर दी है।